# दुर्गापुर :इएसआईसी में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह

- हिंदी की चार प्रतियोगिताओं के विजेता किये गये सम्मानित
- हिंदी दिवस पर कविता पाठ, क्विज का किया सफल आयोजन

**दुर्गापुर.** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उपक्षेत्रीय कार्यालय दुर्गापुर में राजभाषा पखवाड़ा समापन सह हिंदी दिवस समारोह आयोजित हुआ. इसके पहले पहली सितंबर से 15 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया. कार्मियों को हिंदी में काम-काज करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से चार हिंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई. हिंदी दिवस समारोह में एनआईटी शिक्षक सह राजभाषा अधिकारी डॉ श्रीकृष्ण राय उपस्थित थे. वरिष्ठ अनुवादक विकास कुमार भारती ने हिंदी क्विज संचालित किया. कर्मियों ने हिंदी कविता पाठ, हिंदी गीत आदि प्रस्तुत किये गये. अनुज कुमार ने जगजीत सिंह की गजल "वक्त का ये परिंदा चला है कहां" ने शमां बांध दिया. कार्यालीन काम-काज में हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कार्यालय अध्यक्ष सह उप निदेशक (प्रभारी) रूद्रदीप दत्त ने कर्मिकों को क्लिष्ट हिंदी भाषा के प्रयोग से बचने की सलाह दी. संविधान के अनुच्छेद 351 में संस्कृत एवं अन्य भारतीयभाषाओं के शब्द से हिंदी के विकास की बात की गई है. कठिन शब्दों के प्रयोग से भाषा बोझिल हो जाती है और इससे कर्मियों को हिंदी सिखने की रूचि भी प्रभावित होती है.

डॉ राय ने ने कहा कि बहुत कम कार्यालय प्रमुख को हिंदी भाषा में प्रचार-प्रसार में इतनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए देखा. बंग भूमि स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही हिंदी के विकास के प्रति सक्रिय रहा है. इस भूमि से ही प्रथम हिंदी समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ हुआ. संचालन वरिष्ठ अनुवादक विकास कुमार भारती ने किया.